# बेतवा बचाने की मुहिम रंग लाई, घाट से हटे कचरे के ढेर

**खास बातें**

- रिपटा घाट से हटाया गया एक माह पुराना कचरा
- मीडिया और प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद हुई कार्रवाई
- लापरवाही पर जांच और जवाबदेही तय करने की मांग बरकरार



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 16 जून, बेतवा नदी के रिपटा घाट पर पिछले लगभग एक माह से जमा कचरे एवं पूजन सामग्री के ढेरों को लेकर उठाए जा रहे सवालों का असर आखिरकार दिखाई दिया. समाचार प्रकाशित होने तथा श्रमदान दल द्वारा प्रशासन को मामले से अवगत कराए जाने के बाद नगर पालिका ने घाट पर पड़े कचरे को हटाने की कार्रवाई की.**

श्रमदान दल के सदस्यों के अनुसार पिछले एक माह के दौरान रिपटा घाट से बड़ी मात्रा में कचरा, प्लास्टिक एवं पूजन सामग्री निकालकर एकत्रित की गई थी, ताकि नगर पालिका उसे निर्धारित स्थान तक पहुंचाकर उचित निष्पादन कर सके. लेकिन बार-बार अनुरोध किए जाने के बावजूद सामग्री को नहीं उठाया गया.दल का कहना है कि 1 जून को सेनेटरी इंस्पेक्टर, उसके बाद हेल्थ ऑफिसर तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को भी दूरभाष के माध्यम से स्थिति से अवगत कराया गया था. सभी स्तरों पर आश्वासन तो मिले, लेकिन लंबे समय तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई. इस बीच मानसून की दस्तक के चलते यह आशंका बढ़ गई थी कि बारिश होने पर एकत्रित कचरा पुन: बेतवा नदी में बह जाएगा और श्रमदान की पूरी मेहनत व्यर्थ हो जाएगी.जब स्थानीय स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई तो इस मुद्दे को मीडिया ने प्रमुखता से उठाया. साथ ही श्रमदान दल ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभा जैन एवं जिला कलेक्टर अंशुल गुप्ता को पूरे मामले की जानकारी दी. इसके बाद नगर पालिका द्वारा रिपटा घाट पर पड़े कचरे और पूजन सामग्री को हटाने की कार्रवाई की गई.

कार्रवाई के बाद श्रमदान दल ने इस जनहित के मुद्दे को प्रमुखता से उठाने वाले मीडिया प्रतिनिधियों, पत्रकारों, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तथा जिला कलेक्टर के प्रति आभार व्यक्त किया. दल के सदस्यों का कहना है कि यदि समय रहते हस्तक्षेप नहीं होता तो पहली बारिश में यह पूरा कचरा पुन: बेतवा नदी में समा सकता था.हालांकि श्रमदान दल ने स्पष्ट किया है कि कचरा हटाया जाना समस्या का समाधान अवश्य है, लेकिन इससे संबंधित अधिकारियों की लापरवाही का प्रश्न समाप्त नहीं हो जाता. दल का मानना है कि बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद लगभग एक माह तक कार्रवाई न होना प्रशासनिक उदासीनता का गंभीर उदाहरण है.

## कचरा तो हटा, लेकिन लापरवाही पर कार्रवाई की मांग जारी

दल ने मांग की है कि पूरे मामले की जांच कर यह स्पष्ट किया जाए कि आखिर किन कारणों से जिम्मेदार अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों ने समय पर कार्रवाई नहीं की. साथ ही भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति रोकने के लिए दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. श्रमदान दल के सदस्यों ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष को निशाना बनाना नहीं, बल्कि व्यवस्था में जवाबदेही सुनिश्चित करना है. उनका कहना है कि जब समाज के युवा अपने समय और श्रम से नदी संरक्षण का कार्य कर सकते हैं, तो संबंधित विभागों को भी अपनी जिम्मेदारियां समय पर निभानी चाहिए.यह घटनाक्रम एक बार फिर दर्शाता है कि जनहित के मुद्दों पर सक्रिय मीडिया, जागरूक नागरिकों और संवेदनशील प्रशासन के समन्वय से सकारात्मक बदलाव संभव है. रिपटा घाट से कचरा हटना केवल सफाई की कार्रवाई नहीं, बल्कि जनभागीदारी और जवाबदेही की शक्ति का उदाहरण भी है. नागरिकों का मानना है कि बेतवा संरक्षण की इस मुहिम में एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है, लेकिन जिम्मेदारी तय होने तक यह संघर्ष पूरी तरह समाप्त नहीं माना जाएगा.

# तेज आंधी-तूफान से जनजीवन अस्त-व्यस्त, कई पेड़ धराशायी

- कच्चे मकानों की छतों से उड़ी चादरें
- मुख्य मार्गों पर पेड़ गिरने से आवागमन प्रभावित



**नवभारत न्यूज**

**पठारी 16 जून, मानसून पूर्व मौसम की गतिविधियों के बीच सोमवार दोपहर अचानक मौसम ने करवट ले ली. दोपहर करीब 2 बजे नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में तेज आंधी और तूफान शुरू हो गया, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया. तेज हवाओं के चलते लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा.**

आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि कई कच्चे मकानों की छतों पर रखी पनिया, पतले पत्थर और टीन की चादरें उड़ गईं. कई स्थानों पर पेड़ों की शाखाएं टूट गईं, जबकि फलदार वृक्षों सहित अनेक बड़े पेड़ जड़ से उखड़कर सड़कों पर गिर पड़े. मुख्य मार्गों पर पेड़ गिरने से कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा और राहगीरों को रास्ता बदलकर निकलना पड़ा.अचानक बदले मौसम के कारण बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया. लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए. तेज हवा के साथ उड़ती धूल से दृश्यता भी प्रभावित हुई, जिससे वाहन चालकों को सावधानी बरतनी पड़ी.हालांकि आंधी-तूफान के बाद मौसम सुहावना हो गया और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, लेकिन कई स्थानों पर संपत्ति और पेड़ों को नुकसान पहुंचा है. स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मार्गों पर गिरे पेड़ों को हटाने और क्षति का सर्वे कराने की मांग की है.मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी मौसम में बदलाव बना रह सकता है तथा कहीं-कहीं तेज हवा और बारिश की संभावना है. प्रशासन ने नागरिकों से खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने और सावधानी बरतने की अपील की है.

## तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा.** आजीविका भवन में मंगलवार को तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय जनकल्याण शिविर का शुभारंभ किया गया. शिविर में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे और विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लिया.कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीतू देवेंद्र सिंह रघुवंशी, नपा अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव, एसडीएम अनुभा जैन, तहसीलदार अरविंद यादव एवं सीईओ तपस्या जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे.शिविर में आयुष्मान कार्ड, पेंशन, राशन कार्ड, आधार सुधार, समग्र आईडी, संबल कार्ड, पशु ऋण, राजस्व सीमांकन एवं बंटवारा सहित विभिन्न सेवाओं के स्टॉल लगाए गए. स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण भी किया गया.जनपद अध्यक्ष ने कहा कि पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से ऐसे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं. शिविर 18 जून तक संचालित रहेगा.



## मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में एनएसयूआई ने किया पुतला दहन

- चुनाव आयोग और भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन
- लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की उठाई मांग

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,मध्यप्रदेश कांग्रेस की राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन कथित रूप से गलत तरीके से निरस्त किए जाने के विरोध में मंगलवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग एवं भारतीय जनता पार्टी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया.**

कार्यक्रम एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पार्थ रघुवंशी के नेतृत्व में आयोजित किया गया. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा एवं निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया.एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पार्थ रघुवंशी ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ है. उन्होंने आरोप लगाया कि यदि लोकतांत्रिक संस्थाओं पर दबाव बनाकर विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास किया जाएगा तो एनएसयूआई और कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार संघर्ष करते रहेंगे.प्रदर्शनकारियों ने चुनाव आयोग से निष्पक्षता बनाए रखने तथा लोकतंत्र की गरिमा को सुरक्षित रखने की मांग की. कार्यकर्ताओं का कहना था कि लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखना आवश्यक है, ताकि जनता का विश्वास कायम रह सके.इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी, मध्यप्रदेश कांग्रेस सचिव विकास शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संतोष शर्मा, नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील पिंगले, सत्यप्रकाश सेन, ब्लॉक अध्यक्ष नितिन दुबे, बहादुर सिंह दांगी, राजकुमार सेन, अमित दुबे पट्ठू, जगदीश सुहाने, बीडी शर्मा, पार्षद राहुल ठाकुर, मणि भाई अहिरवार, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आकाश शर्मा, छात्र नेता राजवर्धन राजपूत, पृथ्वी रघुवंशी, प्रशांत नायक, अभिषेक गुर्जर, अनिल पाठक, पप्पू सोनी, पलाश जैन, यश मिश्रा, नमन दुबे, यश बालोटिया, आनंद दुबे अन्नू सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## एक नजर में

### 17 से 26 जून तक मनाया जाएगा नशामुक्त भारत सप्ताह

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा.** अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस के अवसर पर जिले में 17 से 26 जून तक नशामुक्त भारत सप्ताह मनाया जाएगा. सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के निर्देशन में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.अभियान के तहत विद्यालयों, महाविद्यालयों, ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में रैली, शपथ ग्रहण, संगोष्ठी, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक तथा जनजागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे. अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है. 26 जून को विशेष कार्यक्रमों के साथ अभियान का समापन होगा.

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कुआं-बावड़ी पूजन संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा.** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम धामनोद में कुआं-बावड़ी पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया. नवांकुर संस्था आत्मनिर्भर सेवा समिति गुंजरी, जन जागरण समिति सेक्टर हैदरगढ़ एवं ग्राम धामनोद प्रस्फुटन समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं पारंपरिक जल स्रोतों के महत्व के प्रति जागरूक किया गया.कार्यक्रम में विधि-विधान से पूजन-अर्चन के साथ जल संरक्षण का संकल्प दिलाया गया. ब्लॉक समन्वयक स्वदेश आचार्य ने जल स्रोतों के संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला. वहीं जितेंद्र अहिरवार, महेश कुमार बैरागी एवं दिनेश मालवीय ने वर्षा जल संचयन और जल बचाने का संदेश दिया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर जल संरचनाओं के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया.

# कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**उद्यमिता, उद्योग संचालन और बैंकिंग प्रणाली की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की**



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा. स्थानीय कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. व्ही.के. गर्ग के मार्गदर्शन में बी.एससी. (ऑनर्स) कृषि द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत इंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट एंड बिजनेस कम्युनिकेशन विषय के प्रायोगिक अध्ययन हेतु विभिन्न संस्थानों का भ्रमण किया.**

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने हरिओम ट्रेडिंग कंपनी का दौरा किया, जहां कंपनी के संचालक राकेश खंडेलवाल ने अनाज प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) की विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी देते हुए इससे होने वाले आर्थिक एवं व्यावसायिक लाभों पर प्रकाश डाला. विद्यार्थियों ने प्रसंस्करण कार्य की व्यावहारिक बारीकियों को भी समझा.इसके पश्चात विद्यार्थियों ने स्थानीय पी.के. लघु उद्योग का भ्रमण किया. यहां उद्योग संचालन, उत्पादन प्रक्रिया तथा स्वरोजगार की संभावनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई. उद्योग संचालक प्रमोद कटियार ने विद्यार्थियों को उद्यमिता विकास, रोजगार सृजन तथा लघु उद्योगों के महत्व के बारे में बताया.कार्यक्रम के अंतिम चरण में विद्यार्थियों ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, गंजबासौदा का भ्रमण किया. बैंक के प्रबंधक जितेंद्र गुप्ता एवं सुरेंद्र बहादुर सिंह ने विद्यार्थियों को बैंकिंग एवं सहकारिता प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने किसानों के लिए संचालित विभिन्न ऋण योजनाओं, वित्तीय सेवाओं तथा सहकारी बैंकिंग की भूमिका पर प्रकाश डाला. विद्यार्थियों को बैंक के विभिन्न विभागों का भ्रमण कराकर बैंकिंग कार्यप्रणाली की व्यावहारिक जानकारी भी उपलब्ध कराई गई.शैक्षणिक भ्रमण के दौरान डॉ. आर.पी. अहिरवार एवं डॉ. मुजाहिदा सैय्यद विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे और उनका मार्गदर्शन किया.

महाविद्यालय प्रबंधन के अनुसार यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी सिद्ध हुआ, जिससे उन्हें उद्यमिता, उद्योग एवं बैंकिंग क्षेत्र की व्यवहारिक समझ विकसित करने का अवसर मिला.

# ऊषा धाकड़ रहीं प्रथम, विजेता रसोइयों को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान

**नवभारत न्यूज**

**नटेरन. पीएम पोषण योजना के अंतर्गत शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को स्वच्छ, स्वादिष्ट एवं मेनू अनुसार भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद शिक्षा केंद्र परिसर में ब्लॉक स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की रसोइयों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने पाक-कौशल का प्रदर्शन किया.**



कार्यक्रम में विधायक सूर्य प्रकाश मीना, एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि यशपाल सिंह रघुवंशी सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सहभागिता की. अतिथियों ने भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं प्रस्तुतीकरण का अवलोकन किया.

प्रतियोगिता में ऊषा धाकड़ (नटेरन) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 5 हजार रुपये का पुरस्कार जीता. द्वितीय स्थान पर गीता नामदेव एवं सरोज बाई रहीं, जबकि तृतीय स्थान रुचि प्रजापति, राजकुमारी सेन एवं रजनी धाकड़ को मिला. सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए. सभी प्रतिभागी रसोइयों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया.कार्यक्रम में बताया गया कि पीएम पोषण योजना के तहत कार्यरत रसोइयों को प्रतिमाह 4 हजार रुपये का पारिश्रमिक सीधे बैंक खातों में भेजा जाता है. आयोजन को सफल बनाने में कार्यक्रम प्रभारी सुधीर जैन, अशोक अहिरवार, अशोक नागले सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही. अतिथियों ने इस पहल को भोजन गुणवत्ता सुधार एवं रसोइयों के उत्साहवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण बताया.

# राष्ट्रीय चश्मा दिवस पखवाड़े के तहत ग्रामीणों को बांटे गए निशुल्क चश्मे

**सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर का अंधत्व निवारण अभियान जारी, गांव-गांव पहुंच रहीं नेत्र सेवाएं**

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा. सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में अंधत्व निवारण एवं नेत्र स्वास्थ्य जागरूकता के लिए लगातार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है. राष्ट्रीय चश्मा दिवस पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न गांवों में स्वर्गीय श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से जरूरतमंद लोगों को निशुल्क चश्मों का वितरण किया गया.**

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि राष्ट्रीय चश्मा दिवस जून माह में मनाया जाता है और इसके अंतर्गत चल रहे पखवाड़े में ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र परीक्षण कर पात्र लोगों को निशुल्क चश्मे उपलब्ध कराए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि समय पर नेत्र परीक्षण और उचित चश्मे के उपयोग से दृष्टि संबंधी कई समस्याओं से बचा जा सकता है.

कार्यक्रम के दौरान कैंप प्रभारी जीतू पाठक, डाल सिंह जादौन, घनश्याम बघेल, पवन भोई, डॉ. राजकरण वर्मा, धर्मेंद्र सहित अनेक लोगों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया. शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने नेत्र परीक्षण कराकर इस सुविधा का लाभ उठाया.सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर-लटेरी विगत लगभग 60 वर्षों से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अंधत्व निवारण के क्षेत्र में सराहनीय एवं उल्लेखनीय कार्य कर रहा है. ट्रस्ट द्वारा नेत्र उपचार, जांच शिविर एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से हजारों लोगों को लाभान्वित किया जा चुका है.उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय चश्मा दिवस पखवाड़े के दौरान आगामी दिनों में भी लगातार चश्मा वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विभिन्न सामाजिक संगठनों का सहयोग लिया जाएगा. उन्होंने यह भी बताया कि गंजबासौदा के वरिष्ठ समाजसेवी भगवानदास साहू, गणेशराम रघुवंशी एवं डॉ. ए.के. जैन द्वारा पूर्व में भी अपने निजी व्यय से सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के विजन सेंटर के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को निशुल्क चश्मों का वितरण कराया जा चुका है. यह जनसेवा का कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेगा.

# दांगी क्षत्रिय समाज की बैठक में दो प्रमुख मुद्दों पर बनी रणनीति

- निष्पक्ष जांच और सामाजिक सम्मान के सवाल पर समाज ने दी आंदोलन की चेतावनी



**नवभारत न्यूज**

**गुलाबगंज. अखिल भारतीय दांगी क्षत्रिय समाज धर्मशाला भवन में दांगी क्षत्रिय समाज की बैठक आयोजित की गई. बैठक में समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए समाजबंधुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया. इस दौरान समाज से जुड़े दो प्रमुख विषयों पर विस्तृत चर्चा कर आगामी रणनीति तय की गई.**

बैठक में सर्वसम्मति से चिंता व्यक्त की गई कि दांगी क्षत्रिय महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद गंजबासौदा के उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर के विरुद्ध दर्ज कराए गए कथित झूठे प्रकरण के संबंध में समाज द्वारा पूर्व में पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपे जाने के बावजूद अब तक निष्पक्ष जांच के स्पष्ट आदेश जारी नहीं किए गए हैं. समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि यदि निर्धारित समयावधि तक निष्पक्ष जांच के आदेश जारी नहीं होते हैं तो विदिशा जिले से बड़ी संख्या में समाजजन भोपाल पहुंचकर पुलिस महानिरीक्षक एवं उप पुलिस महानिरीक्षक को ज्ञापन सौंपेंगे और निष्पक्ष जांच की मांग करेंगे.बैठक में दूसरा प्रमुख विषय ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुलाबगंज के तत्कालीन अध्यक्ष राजीव दांगी को बिना पूर्व सूचना, बिना कारण बताओ नोटिस एवं बिना संवाद स्थापित किए पद से हटाए जाने का रहा. इस संबंध में समाज द्वारा कांग्रेस जिला अध्यक्ष को पूर्व में ज्ञापन सौंपकर जवाब मांगा गया था, लेकिन अब तक कोई संतोषजनक लिखित अथवा मौखिक उत्तर प्राप्त नहीं होने पर समाज ने नाराजगी व्यक्त की.

## सम्मान और न्याय के मुद्दों पर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर होगा विरोध प्रदर्शन

समाजजनों ने इसे समाज के सम्मान और स्वाभिमान से जुड़ा विषय बताते हुए कहा कि यदि संबंधित पक्ष द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता है तो जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया जाएगा. इसके बाद समाज का एक प्रतिनिधिमंडल भोपाल पहुंचकर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपेगा और संगठनात्मक प्रक्रिया के संबंध में स्पष्ट जानकारी मांगेगा.बैठक में वक्ताओं ने कहा कि समाज किसी भी प्रकार के टकराव में विश्वास नहीं रखता, लेकिन समाज के सम्मान, न्याय और स्वाभिमान से जुड़े मुद्दों की लगातार उपेक्षा होने पर लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से अपनी बात रखना उसका अधिकार है.अंत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दोनों मामलों में संबंधित पक्षों को संवाद और समाधान के लिए अंतिम अवसर दिया जाए. यदि इसके बाद भी सकारात्मक पहल नहीं होती है तो समाज चरणबद्ध आंदोलन की दिशा में आगे बढ़ेगा. बैठक में उपस्थित समाजजनों ने एकजुट होकर समाजहित से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष जारी रखने का संकल्प भी लिया.

**शिविर**

**विधायक मुकेश टंडन ने सुनीं जनसमस्याएं, कुपोषित बच्चों को वितरित की पोषण किट**

# जनकल्याण शिविर में उमड़ी लोगों की भीड़, 1425 आवेदनों का मौके पर हुआ निराकरण

**नवभारत न्यूज**

**ग्यारसपुर. जनपद पंचायत ग्यारसपुर मुख्यालय स्थित आजीविका भवन में मंगलवार को जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आमजन को शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया. बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी नागरिकों ने शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन प्रस्तुत किए.**



शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं आयुष्मान कार्ड बनाने की व्यवस्था की गई. वहीं हितग्राहियों के आधार कार्ड अद्यतन कराने के लिए विशेष आधार शिविर भी लगाया गया. विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी-अपनी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों का पंजीयन एवं आवेदन प्रक्रिया पूरी कराई.कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक मुकेश टंडन ने की. इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बृजेश लोधी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रीति शंकर दयाल शर्मा, जनपद सदस्य प्रतिनिधि जगदीश दांगी, गुलाबगंज मंडल अध्यक्ष प्रतीक कांग सहित विभिन्न पंचायतों के सरपंच एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.शिविर के दौरान विधायक मुकेश टंडन ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निराकरण के लिए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ सरल एवं सुगम तरीके से पहुंचे, जिसके लिए ऐसे शिविर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं.कार्यक्रम में कई हितग्राहियों ने शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के बाद अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलावों के अनुभव भी साझा किए. उन्होंने बताया कि विभिन्न योजनाओं से उन्हें आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनने में मदद मिली है.शिविर के समापन अवसर पर विधायक मुकेश टंडन ने कुपोषण से ग्रसित बच्चों को पोषण किट वितरित की. अधिकारियों के अनुसार तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर के दौरान कुल 1587 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1425 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है, जबकि शेष आवेदनों पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है.शिविर को लेकर आमजन में उत्साह देखा गया और लोगों ने एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराने की पहल की सराहना की.